राज
कॉमिक्स
विशेषांक
संख्या 0625
मैं समय हूं
सुपर कमांडो ध्रुव
अनुपम
Vinod
RAJ COMICS
राज
कॉमिक्स
BY MANOJ GUPTA
संस्थापक
श्रद्धांजलि
वर्ष 2021

समय! जिसका जन्म भी ब्रह्मांड के जन्म के साथ ही हुआ है। हर जीवित या मृत, यहां तक कि ऊर्जा से भी साथ जुड़ा हुआ है समय! और यह समय की शक्ति ही है जो पूरे ब्रह्मांड को सुचारु रूप से चलाती है। लेकिन क्या होगा अगर कोई समय को ही चलाने लगे, ब्रह्मांड के निर्धारित नियमों को बिगाड़ने लगे और कहने लगे कि...
मैं समय हूं
संजय गुप्ता की पेशकश
कथाएं/चित्रः अनुपम सिन्हा
इंकिंगः विनोद कुमार
सुलेखः सुनील पांडे
सम्पादनः मनीष गुप्ता
मुझको जो चाहिए उसका पता तुझको है ध्रुव!...
... और अगर तूने मुझको उस चीज का पता नहीं बताया तो तुझे मारने में मुझको जरा सा भी वक्त नहीं लगेगा!
अरे! एक सेकंड पहले तो यह मुझसे... अक्... बीस फुट दूर था! और अभी इसने मुझे फांसी पर लटका रखा है! पर कैसे? अक्!
क्योंकि मैं समय हूं!
मैं कहीं भी जा सकता हूं! पर कोई मुझसे बचकर नहीं जा सकता!

अंतर्राष्ट्रीय सागर में स्थित ये रोबोलैंड द्वीप अनोखा है-

क्योंकि इंटरनेशनल अंडरवर्ल्ड में फिर से कदम जमाने के बाद यहीं से पूरी दुनिया के अपराध जगत पर राज करता है ग्रैंड मास्टर रोबो-

हमारा एटॉमिक पॉवर प्लांट अब तक चालू क्यों नहीं हुआ? क्या तुमको पता नहीं है कि हमको बिजली की सख्त जरूरत है!

बिना 'पॉवर' के हम दुनिया पर राज कैसे करेंगे?

साउथ अफ्रीका से हमारी जो शिप स्मगल्ड यूरेनियम की छड़ें लेकर चली थी, वह अभी तक यहां पहुंची ही नहीं है!...

... ग्रैंड मास्टर रोबो!

वह शिप कौन लेकर आ रहा है?

आपका शक सही था, ग्रैंडमास्टर! जो जूनियर गद्दारी कर रहा है।

आपका खास विश्वासपात्र आदमी जो जूनियर!

हमारे धंधे में न तो कोई खास होता है और न ही विश्वास-पात्र!

ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम को चालू करो और उसकी मदद से पता लगाओ कि शिप कहां पर है!

शिप रोबोलैंड पर आने के बजाय उत्तरी कोरिया की तरफ जा रही है!

उत्तरी कोरिया एक छोटी- मोटी परमाणु शक्ति है। लेकिन लगता है वह हमारी यूरेनियम रॉड्स की मदद से परमाणु बम बनाकर एक बड़ी परमाणु शक्ति बनना चाहता है! और इसके लिए उन्होंने जो जूनियर को भी एक बड़ी रकम दी होगी!
"... वह इस रकम से कहीं ज्यादा बड़ी होगी-"
जो! क्या तुम को ग्रैंडमास्टर का जरा भी डर नहीं है?
नहीं! क्योंकि यूरेनियम छड़ों के बदले उत्तर कोरिया ने मुझे तीन परमाणु बम देने का वादा किया है! और वे बम मिलने के बाद इस दुनिया का सबसे बड़ा माफिया ग्रैंडमास्टर जो जूनियर होगा... रोबो नहीं!
लेकिन अगर हमारे उत्तर कोरिया तक पहुंचने से पहले ही रोबो हम तक पहुंच गया तो...?
लेकिन रोबो, जो जूनियर को उस गद्दारी की जो सजा देगा...
ही ही... ही ही... हा हा हा! हा हा हा!
अरे, रोबो यहां तक आ ही नहीं सकता! क्योंकि उसके मशीनी शरीर का एक ही दुश्मन है! पानी! अगर वह पानी में गिर गया तो उसका आधा बदन तो शॉर्ट सर्किट से उड़ जाएगा!
और रोबो के अलावा उसके किसी भी आदमी में इतना दम नहीं है जो 'जो' की तरफ आंख भी उठाकर देखे!

फिर भी, तू चारों तरफ नजर रख! पानी के ऊपर भी और पानी के नीचे भी!
रोबो का कोई भरोसा नहीं है!
जो! वो देखो!
कहीं ये कोई मिसाइल तो नहीं है जो रोबो ने हम पर छोड़ी है!
रोबो के पास ऐसी मिसाइलें नहीं हैं जो रोबो लैंड से यहां तक वार कर सकें!
ये कुछ और है!
आऊ!
पर ये है क्या?
क्योंकि मुझे लगा कि ये रोबो का ही काम है!
रोबो आस-पास आसमान में तो नहीं है!
ये कोई उल्का है! एक मामूली सी उल्का! तू इतना चिल्ला क्यों रहा है, स्मिथ?
तू मुझे पानी के नीचे की पोजीशन बता!
सोनार स्क्रीन पर देख!
इसमें तो शार्कों के झुंड के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है!
शायद रोबो को अब तक हम पर शक हुआ ही नहीं है!

गलत!
रोबो! तुम... आप... यहां पर कैसे?... वह भी पानी के अंदर से?
ग्रेंडमास्टर रोबो बोल, गद्दार! तू यही समझता था न कि जब तक तू पानी के बीच में है तब तक तू रोबो से बचा हुआ है!
क्योंकि मशीनी रोबो को पानी नुकसान पहुंचा सकता है!
लेकिन तू ये भूल गया कि पानी से चीजों को बचाने के लिए किसी भी वस्तु पर प्लास्टिक की पर्त चढ़ाई जा सकती है!
यानी लेमिनेशन?
आऽऽह!
आपने अपने बदन पर लेमिनेशन करा लिया है?
सिर्फ मशीनी अंगों पर! लेकिन तेरी लाश पर मैं पूरा लेमिनेशन कराऊंगा! और उसको अपने दरबार में लटकाकर रखूंगा!
ताकि हर कोई ये देख सके कि रोबो गद्दारों के साथ क्या सुलूक करता है!
हम नहीं, तू खत्म होगा रोबो!
गोलियों की बौछार रोबो की तरफ लपकी तो जरूर-

लेकिन नुकसान नहीं पहुंचा पाई-
बस!
अब नाक रगड़ कर भी माफी मांगोगे, तो नहीं मिलेगी!

रोबो तुम सबको यहीं पर जिन्दा जला देगा!
आऽऽऽऽ

माफ कर दो! माफ कर दो, ग्रैंडमास्टर! मैं... मैं... सारा यूरेनियम तुम्हारे हवाले कर दूंगा! बस... मुझको लेमिनेट मत करना!
वो रहे यूरेनियम से भरे शॉकप्रूफ और वाटरप्रूफ बॉक्स! ले लो! सारे ले लो!
तेरी ये बात मैंने मान ली, जो! ले लिया सारा यूरेनियम!

लेकिन तुमको लेमिनेट न करने की बात मैं मान नहीं सकता!
मैंने पहले ही कहा था कि चाहे नाक रगड़ ले, जान की माफी नहीं मिलेगी!
जो के बदन की तरफ लपका प्लास्टिक घोल-

उस डाल्फिन के शरीर पर चिपकता चला गया-
ध्रुव! तुम यहां पर कैसे?
यूरेनियम रॉड्स स्मगल किए जाने की जानकारी हमको पहले ही मिल चुकी थी! बस हमको ये नहीं पता था कि इसवक्त इस समुद्री क्षेत्र में मौजूद सैकड़ों जहाजों में से वे रॉड्स किस जहाज में हैं!
ये जानने के लिए अमेरिकी सरकार ने भारतीय सरकार से संपर्क किया और भारतीय सरकार ने मुझसे! और मैंने संपर्क किया डॉल्फिनों से!
और जब इनसे मुझको तुम्हारे क्षेत्र में होने की बात बताई तो मैं तुम्हारी तलाश में यहां तक आ गया!
अब इन यूरेनियम रॉड्स के साथ-साथ मैं जूनियर जो को भी कब्जे में लूंगा!
तुम्हारे खिलाफ मेरे पास जब सुबूत होंगे तब मैं तुमको भी गिरफ्तार करूंगा, रोबो! फिलहाल तुम कोरियन पुलिस के यहां तक पहुंचने से पहले यहां से रवाना हो जाओ!
होश में आओ, ध्रुव! मैं यहां से रवाना जरूर होऊंगा! पर यूरेनियम राड्स लेकर! मुझे उनकी सख्त जरूरत है! और वह जरूरत पूरी करने के लिए मैं तुम्हारी जान भी ले सकता हूं! इसलिए बेहतर है कि यूरेनियम भूलकर तुम यहां से रवाना हो जाओ!

यानी बगैर तुमको रास्ते से हटाए मैं यूरेनियम रॉड्स को कब्जे में नहीं ले सकता?

रोबो को रास्ते से हटाना, हिमालय को हिलाने की कोशिश करने जैसा है!

पहाड़ को भी हिलाया जा सकता है, रोबो!

बस एक बड़े से भूकंप की जरूरत होती है!

और भूकंप पहाड़ को सिर्फ हिलाते ही नहीं हैं, उसे चूर-चूर भी कर सकते हैं!

रोबो चूर-चूर होता नहीं, चूर-चूर करता है!

ओऽऽह!

या फिर राख बना देता है!

धड़ाक
ओफ़!
अब बोल ध्रुव! जिन्दा जाएगा या लाश बनकर जाएगा?
जाने वाला तो चला गया, रोबो! उधर देखो!
वह गद्दार हमारी लड़ाई का फायदा उठाकर यूरेनियम लेकर भाग रहा है!
मैं इसकी 'रबर बोट' को पिघला दूंगा!
उसके हाथ में एक रिमोट है!
नहीं रोबो!
कूदो!
बूममममम
हा हा हा! तेरे स्वागत के लिए मैंने तोपों की सलामी का इंतजाम पहले से ही कर रखा था, रोबो!

हाहा हा! अब उत्तरी कोरिया के तट तक पहुंचने से मुझको कोई रोक नहीं सकता! क्योंकि तुम चाहे कितना भी तेज तैर लो, पर मेरी मोटर बोट की स्पीड का मुकाबला नहीं कर पाओगे!

बाय-बाय रोबो! तुमको मौत देने के लिए मैं तुमसे फिर कभी मिलूंगा!

ओफ़! मेरे पास रॉकेट बूस्टर तो हैं! लेकिन उनमें इस मोटर बोट का पीछा करने लायक शक्ति नहीं है!

और मेरी 'लेसर आई' भी इतनी दूर तक वार नहीं कर सकती है!

यूरेनियम रॉड्स हमारे हाथों से निकल चुकी हैं!

हमारे नहीं रोबो...

... तुम्हारे हाथों से निकल चुकी हैं! जूनियर जो तुमसे बचकर भाग सकता है!

पर मुझसे बचकर नहीं!

अगले ही पल मोटर बोट हवा में उड़ गई-

धड़ाक

आऽऽऽ

और सतह तक उसके सवारों की सिर्फ राख ही पहुंच सकी-
अब तुम मेरी 'लेजर आई' की रेंज में आ गए हो, जूनियर जो!
... और मेरे और यूरेनियम के बीच में कुछ भी नहीं आएगा!
कुछ भी नहीं! उम्ममफ!
ध्रुव! इसको रास्ते से हटाए बगैर मैं यूरेनियम नहीं पा सकता!

इसने मुझको डॉल्फिनो से घेर लिया है! और खुद यूरेनियम के बक्सों को ले जा रहा है!
ऐसा नहीं होगा! मैं इन डॉल्फिनों से शायद नहीं निपट सकता! लेकिन इससे निपटने के लिए मदद जरूर बुला सकता हूं!
लेजर रे डॉल्फिन का पेट चीरती चली गई-
और पानी में फैली खून की गंध ने-
शॉर्को के उस झुंड को डॉल्फिनों की तरफ खींच लिया, जिनके बीच में छुपकर रोबो, जूनियर जो तक पहुंचा था-
अब देखता हूं कि मेरा माल लेकर ध्रुव कैसे जाता है!
अरे! ये झटका कैसा था?

रोबो! ये डॉल्फिनों से बचकर आ गया! और इसने स्टार लाइन को तोड़कर यूरेनियम रॉड्स के बक्सों को हासिल कर लिया है!
इसके पीछे चलो, डॉल्फिन!
पानी में दोनों बोलकर धमकियां नहीं दे सकते थे-
लेकिन दोनों की ही आंखों में दृढ़ निश्चय तैर रहा था-
दोनों को एक ही चीज चाहिए थी, यूरेनियम रॉड्स!
और वे दूसरे को वह ले जाने नहीं दे सकते थे-

एक भयंकर टकराव निश्चित था-
लेकिन एक के पास कड़ी धातु का आधा शरीर था! 'लेजर आई' थी, जो पानी के अंदर होने के कारण घातक तो नहीं थी-
परन्तु बेअसर भी नहीं थी-
और दूसरे के पास सिर्फ अपने दोस्तों के मदद की शक्ति थी और फिलहाल उसके दोस्त डॉल्फिन उसकी मदद नहीं कर सकते थे-
तेरा ये हाल करते मुझे बहुत अफसोस हो रहा है ध्रुव! पर गलती तेरी ही है! तू अगर पहले मेरी बात मानकर भाग जाता तो कम से कम तेरी जान तो बच जाती!
आऽऽऽह! रोबो के वार बहुत शक्तिशाली हैं! मैं इसकी मशीनी ताकत का मुकाबला नहीं कर सकता!

पर मुझको मुकाबला तो करना ही है!... आऊ!
समझा! रोबो ने अपने मशीनी अंगों को प्लास्टिक के खोल से ढक रखा है! इसीलिए पानी इसके इलैक्ट्रॉनिक पुर्जों तक पहुंचकर इसको नुकसान नहीं पहुंचा पा रहा है!
कमाल है! मैंने कराटे का वार रोबो के मशीनी अंगों को तोड़ने के लिए उनके जोड़ों पर किया था! लेकिन मेरे हाथ किसी पारदर्शी चीज से टकराए!
अरे! अरे! ये पागल हो गया है क्या? अपने कपड़े क्यों फाड़ रहा है?
अब मुझे रोबो से निपटने का रास्ता मिल गया है!
लेकिन ये यह नहीं जानता कि इस कपड़े के अंदर 'एसीटोन' द्रव से भरे वे कैप्सूल हैं जो मैंने अपनी बेल्ट से निकाले हैं! और एसीटोन प्लास्टिक को गला देता है!
अपने कपड़े फाड़े तो फाड़े, पर अब ये उन चिथड़ों को मेरे हाथ पर भी बांध रहा है! ये सचमुच पागल हो गया है!
कड़क
इनको कपड़े में बंद करके तोड़ना इसलिए जरूरी था ताकि एसीटोन समुद्री पानी में घुलकर बह न जाए!
रोबो हक्का बक्का है!
ये जरूर मुझे पागल समझ रहा होगा!

प्लास्टिक का कवच हटते ही समुद्री पानी रोबो के मशीनी अंगों के अंदर घुस-कर गड़बड़ी पैदा करने लगा-
आऽऽऽह!
ये पानी मेरे अंगों के नाजुक पुर्जों को नष्ट कर रहा है!
अपने मशीनी अंगों पर मेरा कंट्रोल धीरे-धीरे कम हो रहा है! जल्दी ही मेरा बांया मशीनी हिस्सा बेकार हो जाएगा!
और मशीनी अंग के बेकार होते ही मैं बेकार हो जाऊंगा!
रोबो का भारी बदन पानी में धीरे-धीरे नीचे की तरफ बढ़ने लगा-
क्या है ये चीज? ये तो किसी मशीन का एक हिस्सा लगता है! शायद किसी टूटे जहाज के पुर्जों का एक हिस्सा!
मैं तो समझ रहा था कि शायद किस्मत ने मेरे पास बचने का कोई रास्ता भेज दिया है!
लेकिन ये भला मेरी क्या मदद करेगा?
आऽऽऽह! अब ध्रुव यूरेनियम रॉड्स के साथ-साथ मुझको भी ले जाएगा और मैं कुछ नहीं कर पाऊंगा!
अरे! मेरा हाथ किसी चीज में जा अटका है!
इसको उतारकर फेंक देना ही ठीक होगा!
रोबो के हाथ से मशीन का न जाने कौन सा हिस्सा दबा-

कहानी 19 पेज से जारी

और चमत्कार हो गया-
अरे! ये कैसे हो गया? मेरे... चारों तरफ की हर चीज की गति बहुत कम हो गई है! जैसे... जैसे कि ये चीजें रुक सी गई हैं!
ऐसा लग रहा है जैसे कि मैं किसी फिल्म को 'स्लो मोशन' में देख रहा हूं! पर मेरी स्पीड पर कोई फर्क नहीं पड़ा है।
ये जरूर इस यंत्र का कमाल है! इस यंत्र में समय की गति को कम करने की अद्भुत शक्ति है!
मेरे मशीनी अंगों में हो रही खराबी भी रुक सी गई है! शायद पानी के कारण इनके अंदर हो रही प्रतिक्रिया भी रुक सी गई है!
अब मेरा रास्ता कोई नहीं रोक सकता! दुनिया की हर शक्ति को अब मेरे आगे झुकना पड़ेगा! क्योंकि मेरे पास है समय की शक्ति!
सबसे पहले मैं यूरेनियम के बक्सों को यहां से दूर ले जाता हूं! और उसके बाद मैं वापस आकर ध्रुव को रास्ते से हटाने का इंतजाम करूंगा!
चल रोबो! अब तो तू वाकई दुनिया का शहंशाह बन गया है!

रोबो ने बक्सों को पास के द्वीप के तट तक पहुंचाने में एक सेकंड भी व्यर्थ नहीं किया-
अरे वाह! मैं जहां भी जा रहा हूं, वहां समय की चाल धीमी होती जा रही है!
आकाश में उड़ते पंछी और समुद्र की लहरें भी एक चित्र के समान स्थिर सी लग रही है!
अब ध्रुव के पास वापस चलता हूं! उससे भी थोड़ा मजा ले लिया जाए!
ध्रुव भी रोबो को ही ढूंढ रहा था-
अरे! अभी अभी तो रोबो यहीं पर था! फिर पलक झपकते ही वह गायब कैसे हो गया?
ये... व्हाट! ये... ये शॉर्क अचानक मेरे सामने कैसे आ गई?
और... और इसको यहां तक लाने वाला रोबो है!
यानी रोबो और शॉर्क एकाएक मेरे सामने प्रगट हो गए! पर कैसे?
ही ही ही! ध्रुव की शक्ल देखकर बड़ा मजा आ रहा है! मैं समय को धीमा करके शॉर्क को ढकेलकर यहां तक ले आया था अब मैंने समय की गति को फिर से सामान्य कर दिया है! लेकिन अब फिर से समय को धीमा करके यहां से निकलना पड़ेगा! वर्ना शॉर्क से मुझे भी खतरा हो सकता है! बाय ध्रुव!

और अगले ही पल-
अरे! रोबो फिर से गायब हो गया! लेकिन वह शॉर्क को यहीं पर छोड़ गया है!
मुझको डिनर समझकर खाने के लिए!
रोबो ने दूर जाते ही समय की गति को एक बार फिर सामान्य कर दिया था-
अब ध्रुव को धीरे- धीरे मरने की कोई जरूरत नहीं थी-
ओफ़! पानी के अंदर मैं शॉर्क जितनी फुर्ती नहीं दिखा सकता हूं!
अगर मैंने कुछ ही सेकंडों में शॉर्क को काबू में नहीं किया तो ये मेरी जिन्दगी के आखिरी सेकेंड साबित होंगे!
अब तो मेरे बचनेकी सिर्फ यही एक रास्ता है कि ये शॉर्क तैरना ही भूल जाए!
अरे वाह! ये तरीका तो मेरे काम आ सकता है!
मैं सचमुच शॉर्क को तैरना भुला सकता हूं!
स्टार लाईन पहले तो शॉर्क की पूंछ से लिपटी-

और फिर उसके फिन पर लिपटनी शुरू हो गई-
अब शॉर्क तैरने के लिए अपनी पूंछ को लहरा नहीं सकती।
और अब ये पानी में पत्थर की तरह डूबती चली जाएगी, क्योंकि अन्य मछलियों की तरह शॉर्क के शरीर में हवा से भरे वे बैग नहीं होते हैं जो उनको पानी में बगैर पूंछ हिलाए भी तैराए रखते हैं!
इसीलिए शॉर्क पैदा होने से मरने तक पूरे जीवन लगातार तैरती रहती है। पर ये शॉर्क अब ऐसा नहीं कर पाएगी।
मैं बच तो गया हूं लेकिन रोबो भी बच गया है! अब उसको ढूंढने की कोशिश करनी भी बेकार है!
लेकिन फिर भी यह रहस्य अभी तक रहस्य ही है कि रोबो को नई शक्ति कहां से मिली...
... और उस शक्ति का प्रयोग वह अब किस तरह से करेगा?
ध्रुव को यह आभास नहीं हो पा रहा था कि समय की गति एक बार फिर धीमी हो रही है-
क्योंकि उसके साथ-साथ बाकी सभी चीजों की गति भी कम हो रही थी-
पर इस बार ये काम-

ोबो का नहीं था-
यहीं कहीं पर गिरा था मेरा यंत्र! इस जलक्षेत्र में मौजूद गर्माहट भी इस बात की पुष्टि कर रही है!
पर वह यंत्र यहां पर कहीं नहीं है! मैं इस बात को स्पष्ट महसूस कर सकता हूं! यहां पर सिर्फ एक जल प्राणी है!
यानी उस यंत्र को इस ग्रह का कोई प्राणी ले गया है! मुझे उस प्राणी को ढूंढ़ना होगा! और उस प्राणी को ढूंढ़ने का एकमात्र सूत्र है...
...ये डोरी! यहां पर जो भी प्राणी आया था वह इस जल जीव को इससे बांधकर उस यंत्र को ले गया है!
अब मुझको बस इस डोरी के मालिक का पता करना है!
और एक बार मैं उससे अपने यंत्र का वह टुकड़ा हासिल कर लूं, फिर उसके बाद पूरे ब्रह्मांड पर मेरा राज चलेगा!
क्योंकि फिर इस ब्रह्मांड को चलाने वाला समय मेरे कब्जे में होगा!
शक की सुई ध्रुव की तरफ घूम रही थी-

लेकिन समय यंत्र का वह हिस्सा कहीं और ही था-
हमें ग्रैंडमास्टर को अकेले जाने देना नहीं चाहिए था।
जूनियर जों ने उनको जरूर किसी जाल में फंसा लिया है! वर्ना वे अब तक वापस जरूर आ जाते!
ग्रैंडमास्टर को कम मत समझो!
वो जरूर आएंगे और जल्दी ही आएंगे!
फिलहाल तो पचास किलोमीटर तक उनका कोई पता नहीं है!
वह इसलिए क्योंकि रोबो तुम्हारे पीछे खड़ा है! यूरेनियम के साथ!
ग्रैंडमास्टर! पर अभी- अभी तो आप दूर- दूर तक कहीं नहीं थे।
ऐसा लगा... जैसे कि आप एकाएक... भगवान की तरह प्रकट हो गए!
भगवान ही बन गया हूं मैं! अब मुझको इराक से मिले कांट्रेक्ट को पूरा करने में कोई समस्या नहीं है!
पर उन्होंने तो कहा है कि अमेरिका में कम से कम बीस जगहों पर ऐसे विस्फोट करने हैं, जिसमें हर विस्फोट में कम से कम पांच सौ लोग मारे जाएं!
जानता हूं! अब मैं इस कांट्रेक्ट के जरिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश से घुटने टिकवाऊंगा! और दुनिया पर राज करूंगा!
बचेंगे तब करेंगे न!

क्योंकि फिर पूरी दुनिया की सुरक्षा एजेंसियाँ कुत्तों की तरह हमारे पीछे लग जाएंगी!
अब पूरी दुनिया की सेनाएं मिलकर भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती हैं!
वह कैसे?
समय आने पर तुमको सब पता चल जाएगा! अब ये यूरेनियम हमारा पॉवर प्लांट चलाने के बजाए मिनी एटम बम बनाने में काम आएगा! बीस एटम बम! फटाफट!

लेकिन ग्रैंडमास्टर इतने बड़े काम के लिए हमको प्लान बनाना होगा! अपने आदमियों का नेटवर्क तैयार करना होगा! बम लगाने वाले जगहों की सूची बनानी होगी!
इस काम को मैं अकेला ही कर लूंगा! तुम सिर्फ एटम बम तैयार करो!
पर ग्रैंडमास्टर! इतने बड़े काम को आप अकेले ही...

इसके बारे में विस्तार से जानने के लिए पढ़ें—शहंशाह

ओ! मेरा पैर...
ध्रुव! बचो!
ओफ़! मैं इतना फुर्तीला नहीं हूं...
व्हाट!
अरे! मैं तो कहीं और हूं! मैं यहां पर कैसे आ गया?
मैं तुमको यहां पर लाया हूं! ताकि हम अकेले में आराम से बात कर सकें!
... कि गिरती गर्म कॉफी से बच सकूं!
कौन हो तुम? और ये काम तुमने किया कैसे?
क्या चाहते हो तुम मुझसे?

मुझको तुम... समय कह सकते हो! मैं समय हूं और मैं तुमको यहां पर समय की गति को रोककर लाया हूं! इसीलिए तुमको समय बीतने का एहसास ही नहीं हुआ! एक पल में तुम कहीं और थे, और दूसरे पल में कहीं और!
तुम... तुम समय की गति को रोक सकते हो! कमाल है! पर तुम मुझसे क्या चाहते हो? समय की गति से भला मेरा क्या संबंध है?
बहुत गहरा संबंध है! क्योंकि तुम्हारे पास मेरे समय यंत्र का वह भाग है जो समय की गति को न सिर्फ पूरी तरह से रोक सकता है...
...बल्कि मेरे यंत्र में जुड़ जाने के बाद मुझे भूतकाल या भविष्य में भी ले जा सकता है!
लेकिन समय की गति को तो तुम अभी भी रोक सकते हो! ऐसा तुमने ही अभी कहा है न?
मैं अभी समय की गति को पूरी तरह से रोक नहीं सकता! सिर्फ धीमा कर सकता हूं! बहुत धीमा! तुम्हारे पास वाले यंत्र का हिस्सा पाकर मैं समय की धारा को न सिर्फ रोक सकूंगा, बल्कि किसी भी दिशा में भी मोड़ सकूंगा!
अब लाओ! वह यंत्र मुझे दे दो!
मुझको पता नहीं है कि तुम किस यंत्र की बात कर रहे हो! तुमको कैसे पता कि तुम्हारा यंत्र मेरे ही पास है?
इससे! ये तुम्हारे शरीर को स्पर्श करके आया है! इसीलिए इसके और तुम्हारे शरीर के वायब्रेशन एक ही हैं! ये मुझको वहीं पर मिली जहां पर मेरा यंत्र गिरा था! और इसके वायब्रेशन का पीछा करते मैं तुम तक पहुंच गया! बहाने छोड़ो और यंत्र मुझे दे दो! वर्ना तुम्हारी मौत के समय के फासले को मैं एक पल में पूरा कर दूंगा!
ये स्टार लाइन तो मैंने शॉर्क पर बांधी थी! जहां इसका यंत्र समुद्र में गिरा था और वहां से मेरे अलावा उसको सिर्फ एक ही शख्स ले जा सकता है! रोबो!

अब मुझको रोबो की नई शक्ति का राज समझ में आ गया है! लेकिन अगर मैंने इसको रोबो का नाम बताया तो रोबो के साथ-साथ पूरा ब्रह्मांड भी खतरे में पड़ सकता है! 'समय' के इरादे नेक होने का तो सवाल ही नहीं उठता है!
तेरी खामोशी बता रही है कि तुझको जीने के लिए समय नहीं चाहिए!
मुझे इससे पहले रोबो तक पहुंचकर उस यंत्र को हासिल करना होगा!
इसीलिए मैं तेरा एक कदम मौत की तरफ बढ़ा ही देता हूं!
आक्! अभी तो ये मुझसे दस कदम दूर खड़ा था और अभी इसने मुझे फांसी पर लटका रखा है!
अगले ही पल तू अपने आपको किसी खाई में गिरता हुआ भी पा सकता है!
या अपने सिर के ऊपर गिरती चट्टान को भी देख सकता है! और ऐसे दृश्य तू तब तक देखता रहेगा जब तक तू मुझको यंत्र नहीं दे देता!
आऽऽऽह!
मेरा दिमाग और दिल ज्यादा देर तक ऐसी यंत्रणा को सहन नहीं कर पाएंगे! या तो मैं मर जाऊंगा और या तो मुझे रोबो का नाम बताना ही पड़ेगा!

तू बहुत सख्त जान है। इसीलिए तेरे दिमाग और जुबान को हिलाने के लिए तुझको कुछ ऐसा दिखाना पड़ेगा, जो तूने कभी सोचा भी नहीं होगा!
तुझको 'समय धारा' में ले जाना होगा!
... समय की विभिन्न और अनगिनत धाराएं लगातार आपस में टकराती और टूटती रहती हैं। और यहां की धाराओं में तुझको वह दिखेगा जो तेरे दिमाग को तोड़कर रख देगा।
फिर मुझको वह जानकारी अपने आप मिल जाएगी जो तेरी जुबान नहीं बता रही है!
वहां, जहां पर...
ओफ्फ! अद्भुत हैं ये दृश्य। ये तो मेरी जैसी दृढ़ इच्छाशक्ति वाले इंसान को भी कुछ पलों में पागल बना देगी!
समय धारा में फंसे 'समय' और ध्रुव के लिए तो समय जैसा कहीं था ही नहीं-

लेकिन अन्य स्थानों पर समय अपनी सामान्य गति से बीतता जा रहा था-
अभी दो ही बम स्सेंबल हो पास्र हैं रोबो ! इससे जल्दी काम करना खतरनाक हो सकता है! बम यहीं पर फट सकता है और या फिर कहीं पर भी नहीं फटेगा !
ठीक है! फिर तुम आराम से काम करो ! मैं इन दो बमों से ही अपना काम चला लूंगा !
लेकिन रोबो...
... इन बमों में सिर्फ पांच सौ लोगों को मारने की नहीं, बल्कि स्क पूरा महानगर तबाह कर सकने लायक यूरेनियम है ! इसको फोड़ने से पहले सुरक्षित दूरी पर पहुंच जाइस्गा...
... लो, रोबो तो फिर पूरी बात सुनने से पहले ही गायब हो गस्र !
अगर इन्होंने जरा सी भी गलती की तो कहीं ये हमेशा के लिस्र गायब न हो जास्रं !
ओफ्र ! अब ये फोन किसका आ गया! इस खास नंबर पर तो सिर्फ रोबो के ही फोन आते हैं ! पर वे तो अभी-अभी यहां से गस्र हैं! फिर...
पीं पीं.. पीं पीं...
ओ ! ये फोन तो... इतने दिनों बाद...
इतने दिनों बाद आपकी आवाज सुनकर बहुत अच्छा लगा, कमांडर ! कहिस्र...
... आपने गुलाम को कैसे याद किया ?
मुझे पापा के बारे में पूरी रिपोर्ट चाहिस्र ! पूरी मतलब पूरी स्क-स्क चीज!
जान दांव पर लग जास्रगी ! पर आपका हुक्म तो मानना ही पड़ेगा !
सुनिस्र...

पूरी रिपोर्ट सुनने के बाद-
समझ गई! मेरे लिए एक सुपर सोनिक जेट का इंतजाम करो! तुरन्त! ओ. के.! फोन रखो!
ध्रुव सही कह रहा था! पापा खतरनाक रास्ते पर जा रहे हैं! एक बार वे इस रास्ते पर चल पड़े तो फिर उनके लिए वापस लौटना मुश्किल हो जाएगा!
उनको अमेरिका पहुंचकर ये काम करने से रोकना होगा!
नताशा के लिए रोबो को रोक पाना अब बहुत मुश्किल था-
अब मेरे लिए कहीं पर भी बेरोक-टोक आना बच्चों का खेल है!
चाहे वह पोर्ट की सुरक्षा हो या अमेरिक के राष्ट्रपति भव की, मेरे लिए उसको तोड़ना पलक झपकाने से भी ज्यादा आसान है!
R AIR
WASHINGT
AIRPORT
बस, समय रुका और रोबो चला...
समय की धारा फिर थम गई-
और-
अरे! कोई समय धारा की गति के साथ छेड़छाड़ कर रहा है! और ऐसा सिर्फ तभी संभव है जब उसके पास मेरे समय यंत्र का हिस्सा हो!
यानी समय यंत्र सचमुच इसके पास नहीं है! खैर, वह जिसके भी पास है, मैं उसके पास इस रुकी समय धारा के साथ-साथ चलकर पहुंच सकता हूं!
पर इसका क्या करूं क्या करना है? इसको यहीं पर अपनी जिन्दगी गुजार देने के लिए छोड़ देता हूं! जो अब कुछ ही पलों की है!

कहानी 35 पेज से जारी

ध्रुव के लिए सारे रास्ते बंद हो चुके थे! 'समय' भी समय धारा में कहीं खो चुका था-

अब ध्रुव की चेतना भी धीरे-धीरे खोती जा रही थी-

और इस समय धारा के जंगल में सिर्फ दुश्मन ही दुश्मन फैले हुए थे-

दोस्तों का कोई नामोनिशान ही नहीं था-

अगला नंबर उसकी जान का था-

या... शायद था-

आओ! मैं तुमको यहां से बाहर ले चलता हूं!

कौन?

एक और खतरा!

मैं खतरा नहीं, तुम्हारा मददगार हूं!

इस जगह पर किसी पर भी भरोसा करना मुश्किल है! तुम हो कौन, और मेरी मदद क्यों करना चाहते हो?

मैं इनूगार हूं! और यहां पर मैं समय के पीछे आया हूं! अभी-अभी मुझे उसके संकेत यहीं से मिले थे!

मेरे पास शायद इतना वक्त नहीं है! फिर भी मैं तुमको पूरी बात संक्षेप में बताने की कोशिश करता हूं!

'समय' और मैं एक सुदूर ग्रह के प्राणी हैं। और हमारी शक्तियों से तुम खुद अंदाजा लगा सकते हो कि हम विज्ञान के क्षेत्र में तुमसे लाखों गुना आगे हैं!

'समय' जिसका असली नाम लाप्ना है, हमारे ग्रह का एक जुनूनी शोधकर्ता है! समय के रहस्यों का पता लगाना शुरू से ही उसका जुनून रहा है!"

उसको यह पता करने में ज्यादा समय नहीं लगा कि समय का रहस्य 'ब्लैक होल' में छुपा हुआ है! 'ब्लैक होल' ऐसे मृत विशाल तारे से बनता है जो अपनी ऊर्जा खर्च करने के बाद सिकुड़ जाता है और उसकी ग्रेविटी इतनी बढ़ जाती है जिसको प्रकाश किरणें तक पार नहीं कर पातीं!

इसीलिए यह तारा काला दिखता है, और लोग इसको ब्लैक होल कहते हैं।

इसके अंदर समय तक अपना अस्तित्व खो देता है!

ब्लैक होल के अंदर समय शून्य हो जाता है, और इस रहस्य का फायदा लाप्ना ने उठाया!

उसने ब्लैक होल की शक्ति को 'टैप' करने के लिए कुछ उपग्रह छोड़े जो अलग- अलग कक्षाओं में एक सुरक्षित दूरी पर ब्लैक होल की परिक्रमा करते हैं! और ब्लैक होल की समय शक्ति को पकड़कर उनको सिग्नल के रूप में समय तक पहुंचाते हैं!

इन सिग्नलों की शक्ति समय धाराओं के बहाव में व्यवधान पैदा करती हैं, और वे धाराएं बहना बंद कर देती हैं!

यह शक्ति पाकर लाप्ना, समय को रोकने लगा! और इस शक्ति के मद में चूर होकर उसने हमारे ग्रह पर अपना राज जमाना शुरू कर दिया! सिर्फ मुझ जैसे कुछ ही लोग उसका विरोध करने की हिम्मत जुटा पाए!

लेकिन हद तो तब हो गई जब वह समय शक्ति और हमारे उन्नत विज्ञान का प्रयोग करके ग्रहों को उनकी कक्षा से सरकाने लगा! एक नए ब्रह्मांड की रचना करने लगा! फिर तो सब कुछ उथल- पुथल हो गया। एक- दो आबाद ग्रह तारों में समाकर नष्ट भी हो गए।

...हमको वह मौका मिल ही गया जिसकी हमें तलाश थी! हमारा एक आदमी 'समय' का विश्वासपात्र बनकर उसकी लैब तक पहुंच गया था। उसने हमको समय यंत्र बनाने की डिजाइनें भेजनी शुरू तो की, पर पूरी डिजाइन मिलने से पहले ही वह पकड़ा गया और मारा गया! ये अधूरी डिजाइनों से बने ही वे यंत्र हैं, जिनकी मदद से मैं समय धारा में तुम तक पहुंचा था! और इस यंत्र ने ही उस वक्त लाप्ना तक पहुंचने में हमारी मदद की!

फिर एक दिन...

वह समय को रोककर काम करता था। समय बाकी सबके लिए रुक जाता था, पर लाप्ना के लिए नहीं! इसीलिए जब वह समय को रोक लेता था तो असावधान हो जाता था!

लाप्ना को ब्लैक होल के रास्ते पर भेज दिया गया। पर ब्लैक होल तक पंहुंच पाने से पहले ही एक पुच्छल तारा उसके यान से आ टकराया!

उसको सपने में भी यह आभास नहीं था कि समय धारा में उसके अलावा और कोई भी पहुंच सकता है!

ऐसे ही रुके समय में मैं उस तक पहुंचा और उसको बेहोश करके अपने ग्रह के कानून के हवाले कर दिया! हमारे ग्रह पर मृत्युदंड निषिद्ध है! इसीलिए लाप्ना को यह सजा मिली कि उसको भी उसके यंत्रों के साथ उसी ब्लैक होल में फेंक दिया जाए जिसकी शक्ति से उसने ब्रह्मांड को बदलने की कोशिश की थी!

यान चूर- चूर हो गया! पर उसके मलबे में हमको लाप्ना का पता कहीं नहीं मिला! उसकी तलाश में हमने समय धारा पर नजर रखनी शुरू की और एक रुकी समय धारा के पीछे मैं अपने यंत्र की मदद से बढ़ चला!

रास्ते में मुझे तुम मिल गए और आगे की कहानी तुम जानते ही हो!
पर शायद तुम नहीं जानते! आगे की कहानी तुम मुझसे सुनो! क्योंकि उस शक्ति के कारण अब एक और ग्रह तबाह होने जा रहा है! पृथ्वी!
ध्रुव, इनूगार को पूरी स्थिति समझाता गया-
ओह! यानी पुच्छल तारे की टक्कर से लाप्ना का यंत्र भी टूट गया होगा और उसका एक टुकड़ा पृथ्वी पर आ गिरा होगा, जो तुम्हारे ग्रह के एक अपराधी के हाथ में लग गया है!
तुमको समय धारा में छोड़कर लाप्ना जरूर वहीं गया होगा, पर उसके लिए मुझको दुबारा समय धारा में जाना होगा और फिर वहीं से लाप्ना का पता लगाना होगा!
तुम्हारी मदद के लिए शुक्रिया पृथ्वीवासी!
इनूगार का शरीर समय धारा के जाल में समाने लगा-
लेकिन समय खराब होने का समय तो पहले ही आ चुका था-
कितना मजा आ रहा है! मैं एटम बम लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति भवन की तरफ बढ़ रहा हूं और रोकने वाला कोई है ही नहीं! हाहाहा!
कितना बोरिंग है! कोई चैलेंज ही नहीं है!
लेकिन अगर मैंने समय को रोककर बम फोड़ दिया तो किसी को भी मेरे बारे में कैसे पता चलेगा?
पहले मैं समय को सामान्य रूप में लाता हूं और फिर...

सुनो... मगर हिलना मत! ये एक मिनी एटम बम है! ये फटा तो आधे किलोमीटर के क्षेत्र को समतल कर देगा।
ओ क्राइस्ट! ये तो रोबो है! टॉप मोस्ट टेरॉरिस्ट ऑफ द वर्ल्ड! ये तो बिन लादेन का भी बाप है!
पर ये अचानक प्रकट कैसे हो गया? वह भी साथ में दो- दो न्यूक्लियर बम लेकर। ये हमारी थ्री टियर सिक्योरिटी को पार करके यहां तक कैसे आ गया?
क्योंकि आज से ये सफेद-सफेद व्हाइट हाउस मेरा घर होगा! दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र का शासक बनकर दुनिया पर राज करेगा ग्रैंडमास्टर रोबो! और जो मेरा विरोध करने की कोशिश करेगा...

... उसका हाल ये होगा!
व्हाइट हाऊस पर फिक्स कैमरे इस घटना को पूरी दुनिया तक लाइव पहुंचा रहे थे-
कट्
हे भगवान! रोबो पागल हो गया है! वह एटम बम फोड़ने जा रहा है! और ध्रुव आसपास कहीं नजर नहीं आ रहा है? क्यों?
CNN
हा हा हा! बटन दबने के दो सेकेंड बाद बम फट जाएगा। और उन दो सेकेंडों में मैं समय को रोककर दुनिया के दूसरे कोने में पहुंच चुका होऊंगा।
वफ़ऊंऊंऊं
इस धमाके से अमेरिका और पूरी दुनिया को रोबो का यह मैसेज मिल जाएगा कि रोबो को इस दुनिया का शासक मान लेने में ही सबकी भलाई है। अरे! ये तो जानी-पहचानी आवाज है!
रोबो! रुक जाओ! विनाश फैलाकर अपने विनाश को दावत मत दो!
क्योंकि नताशा भी बम की रेंज में है! समय धारा के सामान्य होते ही ये भी मारी जाएगी!
नताशा! तुम यहां पर क्यों?
ओ शिट! बटन दब चुका है! दो सेकेंड के अंदर बम फट जाएगा। समय को तो रोकना ही पड़ेगा!
मैं उड़कर नताशा तक नहीं पहुंच सकता! बम को फटने से रोकना मुझको आता है।
अब एक ही रास्ता बचा है! मुझको अपना प्लान कुछ समय के लिए टालना होगा!

इस बम को अपने साथ यहां से कहीं दूर ले जाना होगा!

जल्दी में लगते हो! शायद तुम्हारे पास समय नहीं है!

इस रुके समय में कौन मुझसे बातें कर रहा है?

वैसे तुम सही समझ रहे हो! तुम्हारे पास वाकई समय नहीं है! क्योंकि तुम्हारे पास जो समय है...

...वह मेरा है! मैं समय हूं! तुम अपने हाथ पर जो यंत्र पहने हो वह मुझे दे दो! वर्ना...

वर्ना...? ये शब्द रोबो बोलता है! मैं तुमको वह मौका दे दूं जो मुझे दुनिया का बादशाह बना सकता है? कभी नहीं! तुम जो कोई भी हो, रोबो को तुम न डरा सकते हो, न धमका सकते हो!

मैं इससे भी बुरा कर सकता हूं! तुमको ऐसी समय धारा में ले जाकर छोड़ सकता हूं जहां तुम अनंतकाल तक सिर्फ दर्द से तड़पते रहोगे...

ये काम मैं भी कर सकता हूं!

ओऽऽऽह! लेजर किरणें! यानी थोड़ा बहुत विज्ञान तुम पृथ्वी वाले भी जानते हो! पर ऐसी किरणों से हम अपने शरीरों को सेकते हैं! और वार करने के लिए...
...सूर्य जैसे तारे की ऊर्जा वाले थर्मल ब्लास्ट का प्रयोग करते हैं!
...मूर्ति किरण जैसी घातक किरणों का भी प्रयोग करते हैं, जो दुश्मन को एकदम मूर्ति जैसा जड़ कर देती है!
अब मैं आराम से तुम्हारे हाथ से ये यंत्र उतारूंगा, और तुम कुछ नहीं कर पाओगे!
और अगर फिर भी दुश्मन काबू में न आए तो...
शर्त लगाओगे?
ये 'हाई फ्रीक्वेंसी सुपर लेजर सोर्ड' तुम्हारे जैसे ही दुश्मन के लिए मैंने तैयार करवाई थी!
आऽऽह! इस तलवार ने तो मेरे यंत्र को नुकसान पहुंचाया है! पर तुम मूर्ति किरण के प्रयोग के बाद भी कैसे हिल रहे हो? शायद मेरी किरण ने काम ही नहीं किया!
काम तो किया! परन्तु मेरा आधा शरीर मशीनी है! और वह अभी भी हिल सकता है!
क्योंकि तुम्हारी मूर्ति किरण सिर्फ जीवित वस्तुओं को ही जड़ करने के लिए बनी है!

ओह, समझा! तुमने मेरे समय यंत्र को नुकसान पहुंचाया है! इस नुकसान को पूरा करने के लिए अब तुमसे यंत्र को छीनना और भी जरूरी हो गया है!
अब तुम्हारे जैसे मामूली प्राणी पर अपनी असली शक्ति का प्रहार करना ही पड़ेगा!
रोबो इस लड़ाई को लंबा खींचता जा रहा था-
और समय धारा में प्रवेश कर रहे इनूगार के लिए समय पर 'समय' के पास तक पहुंचने की संभावनाएं बढ़ती जा रही थीं-
ये तो जा रहा है! अब मैं क्या करूं? अरे! अब किसका मैसेज आ रहा है!
ओह! कमांडो हैडक्वार्टर से कॉल है!
यस करीम! फटाफट बोलो!
कैप्टेन! तुमने नताशा पर नजर रखने को कहा था न! वह थोड़ी देर पहले एक सुपर सोनिक प्राइवेट जेट कॉप्टर से वाशिंगटन गई है!
ओफ़! यानी रोबो भी वहीं पर होगा! वर्ना नताशा वहां कभी न जाती! कोई बहुत बड़ी गड़बड़ होने वाली है! मुझे वहां पर पहुंचना होगा! पर समय रहते मैं वहां पर पहुंचूंगा कैसे?
वाशिंगटन ही गई है, यह तुमको कैसे पता चला?
हमने एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से यह कंफर्म किया है! खबर पक्की है!
द्वार बंद हो रहा है! मुझको समय धारा में जाकर इनूगार को ढूंढकर उसके साथ रोबो तक पहुंचना होगा!
ये समयद्वार! इसी से इनूगार समय धारा में गया है! यही एक-मात्र रास्ता है रोबो तक पहुंचने का! पर समय धारा काफी खतरनाक है! अगर मुझको इनूगार न मिल पाया तो फिर मैं न जाने किस स्थान और समय काल में पहुंच जाऊंगा!
लेकिन सोचने का समय नहीं है!

इन्नूगार! इन्नूगार कहीं नजर नहीं आ रहा है! ओफ्फ अब क्या करूं मैं!
पर उसको बाहर निकलने की कोई गारंटी नहीं थी! क्योंकि-
यही सवाल रोबो के सामने भी था-
देख लो रोबो! चारो तरफ से मौत तुमको घेर रही है। मैंने अनंतकाल की समय धारा से इन प्राणियों को बुलाया है! जब तक ये समय धारा से जुड़े हैं तब तक ये मेरे गुलाम हैं!
और मेरे आदेश पर इनमें से हर एक तुमको पल भर में मसल सकता है!
रोबो बुरी तरह से जकड़ा जा चुका था-
हा हा हा! अब मुझको समय की हर धारा पर पूरा कंट्रोल मिल जाएगा! अब मैं ईश्वर बन जाऊंगा! मैं एक पूरा नया ब्रह्मांड बनाऊंगा, जिसमें मेरी पूजा होगी!
और अब उससे समय यंत्र के टुकड़े को हासिल करना मामूली सी बात थी-

जूतों से!
कौन?
इनूगार! तू मेरा पीछा नहीं छोड़ेगा?
तुमको सज़ा दिए बगैर तो नहीं! ये हमारी भूल थी कि हमने तुमको और समय यंत्र को एक ही यान में ब्लैक होल की तरफ भेजा था! वर्ना हमको ये दिन न देखना पड़ता!
अब किसी को भी दिन या रात जैसी उबाऊ चीजें देखनी ही नहीं पड़ेंगी!
मैं इस ब्रह्मांड को और इसके नियमों को ही बदल दूंगा!
और ये शुरूआत तुमसे होगी बच्चे! तू क्या समझता है कि इस बार तू अपनी नकल की मदद से मुझको मात दे देगा! तेरे यंत्र में इतनी शक्ति नहीं है कि वह अब मेरे सामने टिक सके!
आऽऽह!
अब मैंने अपने समय यंत्र की पूरी शक्ति को हासिल कर लिया है!
इसका शक्तिशाली समय यंत्र मेरे कामचलाऊ यंत्र की शक्ति को बेकार कर रहा है! और इस यंत्र के अलावा मेरे पास और कोई हथियार नहीं है!
मेरी हरकत धीरे-धीरे कम होती जा रही है! मेरे लिए भी समय रुकता जा रहा है! अब मैं तो क्या, पूरा ब्रह्मांड मिलकर भी लाप्ना का कुछ नहीं बिगाड़ सकता!
इनूगार के साथ-साथ-

किसी और की हरकतें भी ठप्प होने वाली थीं-
ये लड़का! ये यहां तक कैसे? ओ समझा! ये समय धारा में तुम्हारा पीछा करता हुआ यहां तक आ गया होगा!
बेचारा! जरूर मुझको रोकने का ख्वाब लेकर आया होगा!
पर अब 'समय' को रोकना असंभव है!
समय भी नहीं-
लेकिन होनी से बलवान कुछ भी नहीं होता-
समय को बनाने वाले सुन! आज से तेरा राज खत्म हो गया! अब लाप्ना का राज शुरू होगा!
लाप्ना का! लाप्ना का! हा हा हा!

आखिरकार में इनूगार का पीछा करता- करता यहां तक पहुंच ही गया! लेकिन इनूगार का यंत्र मेरे शरीर पर कैसे आ गया ? शायद किस्मत ने 'समय' को काबू में करने का काम मुझको ही दिया है!
तुम्हारा राज शुरू होने से पहले ही खत्म हो जाएगा, त्राप्ना!
अच्छा! तू मेरा नाम भी जान गया है! यानी इनूगार ने तुझको काफी कुछ बताया है!
और तेरे शरीर की ऊर्जा से ये डुप्लीकेट समय यंत्र फिर से चालू हो गया है! इससे तुझको रुकी समय धारा में भी चलने की शक्ति भी मिल गई है!
पर ये ज्यादा देर तक तेरा साथ नहीं देगा! अब तेरा हाल भी रोबो और इनूगार जैसा ही होगा!
तेरे लिए समय एक बार फिर रुक जाएगा! और साथ ही साथ रुकेगी तेरी धड़कन!

उससे पहले मैं तुम्हारी धड़कन को रोक दूंगा लाप्ना !
मेरे पास सिर्फ एक ही रास्ता है! लाप्ना द्वारा समय रोक दिए जाने से पहले ही मुझे इस पर ताबड़-तोड़ वार करके इसको काबू में कर लेना है! अरे ! यह क्या ?
ध्रुव का ध्यान किसी और चीज ने खींच लिया था-
और फिलहाल इसको रोकना भी इतना ही जरूरी था जितना कि लाप्ना को रोकना-
और हजारों जानें जाएंगी ! इसको तुरन्त यहां से हटाना होगा।
समय धारा में लुप्त होते ही एटम बम का खतरा तो दूर हो गया
लेकिन इससे लाप्ना को ध्रुव के लिए समय गति को कम करने का मौका मिल गया-
ये तो किसी किस्म का बम लगता है! यह जरूर रोबो द्वारा यहां लाया गया एटम बम होगा।
समय की गति सामान्य होते ही ये फट पड़ेगा!
ओफ़! मैं महसूस कर सकता हूं कि मेरे लिए भी समय की गति कम होती जा रही है!
मैं स्लोमोशन में वार कर रहा हूं और लाप्ना आराम से मेरे वारों को बचा रहा है!
अब मैं कुछ भी नहीं कर सकता...
... कुछ भी नहीं। ये क्या है? लाप्ना की टाइम मशीन पर ये निशान कैसा बना है ?
इसको देखकर लगता है कि ये उन सेटेलाइटों को कंट्रोल करने वाला पैनेल है जो ब्लैक होल के चक्कर लगाते हुए उसकी शक्ति को लाप्ना तक भेज रहे हैं!

अगर मैं इन कंट्रोलों को नष्ट कर दूं तो शायद लाप्ना का संपर्क ब्लैक होल से टूट जाएगा और इसकी समय रोकने की शक्ति भी जाती रहेगी। पर मेरी गति तो कम होती जा रही है! जितनी देर में मुझे दस फुट की दूरी पार कर लेनी चाहिए थी, उतनी देर में मैं एक फुट भी पार नहीं कर पा रहा हूं!
ऐसे में मैं कंट्रोलों पर भला कैसे वार कर पाऊंगा! किसी भी तरह से मुझको अपनी गति बढ़ानी ही होगी! पर कैसे?
यस! एक रास्ता है! एक आखिरी मौका है मेरे पास!
क्योंकि ध्रुव की गति एक बार फिर सामान्य हो चुकी थी-
धड़ाऽऽक
लाप्ना भौंचक्का रह गया-
आऽऽऽऊ! ये कैसे? क्या मेरी समय मशीन काम नहीं कर रही है? तू इतनी तेज कैसे चल पा रहा है?

अपने स्केट्स की मदद से। इनकी मदद से मैं अपनी स्पीड को दस गुना बढ़ाकर सामान्य स्तर पर ला सकता हूं!
तब तो मुझे अपनी शक्ति को बढ़ाना होगा। समय के रुकने की प्रक्रिया को और तेज करना होगा!
अब लड़ाई ध्रुव की गति और समय की गति के बीच में थी-
मुझे अपनी स्पीड को और बढ़ाना होगा। दस से बीस गुना तेज करना होगा!
तभी मैं लाप्ना के कंट्रोल पैनल पर वार कर पाऊंगा।
रुक रहे समय को मात देते हुए ध्रुव का मुक्का आखिरी बार लाप्ना के कंट्रोल पैनल से टकराया-
यंत्र टूट गया-
और उसका असर भी तुरन्त दिखने लगा-
ओह! मेरे सेटेलाइट ब्लैक होल में गिर गए हैं! लेकिन उनसे मेरा संपर्क टूट जाने के बजाय अब वे मुझको और शक्ति भेज रहे हैं!
बेहिसाब शक्ति!
लेकिन ये शक्ति इतनी बड़ी थी-

कि वहीं पर एक ब्लैक होल का निर्माण होने लगा था-
आऽऽऽह! ये क्या! ये तो मुझको अपने अंदर खींच रहा है! मुझको अपना संपर्क सेटेलाइटों से तोड़ना होगा!
तोड़ना होगा!
तोड़ना होगा आऽऽऽह!
इसकी गुरुत्व शक्ति मुझे भी खींच रही है! ऐसा जरूर इस समय यंत्र के कारण है! मुझको इस समय यंत्र को उतार कर...
...इस ब्लैक होल में फेंकना होगा।
सूट के ब्लैक होल में जाते ही-
ब्लैक होल का पृथ्वी से संपर्क हर तरफ से टूट गया-
और एक चमकदार प्रकाश में सबकुछ ढकता चला गया-

और फिर-
अरे! मैं यहां पर फिर से कैसे आ गया?
वह चमकदार प्रकाश समय-बुलबुले के फूटने का धमाका था, ध्रुव...
... और उसकी शक्ति ने हमको वहीं पर भेज दिया है, जहां से हम चले थे!
इनूगार!
पर जाने से पहले मैं एक बात जरूर कहूंगा! ब्रह्मांड ये जाने न जाने पर मैं यह जानता हूं कि अगर तुम न होते तो ब्रह्मांड कभी न बचता!
हां! अब किसी भी पल मेरे साथी मुझको मेरी स्पेस-शिप में टेलीपोर्ट कर लेंगे!
मेरे और मेरे ग्रहवासियों की नजरों में तुम ब्रह्मांड के सबसे बड़े हीरो हो!
मौका मिला तो हम तुम्हारा ये एहसान जरूर उतार देंगे! विदा ध्रुव!
विदा इनूगार!
अरे! मैं तो जेट-कॉप्टर से कूद गई थी! फिर मैं यहां...?
मैडम! रोबोलैंड से मैसेज आया है!
ग्रैंडमास्टर तो रोबोलैंड में ही है! फिर हम वाशिंगटन क्यों जा रहे हैं?
कुछ समझ में नहीं आ रहा है! वापस राजनगर चलो!
रोबोलैंड में-
पता नहीं मैं यहां कैसे आ गया?
और मेरा समय यंत्र भी न जाने कहां गया?
ठीक से कुछ याद भी नहीं आ रहा है!
पर यूरेनियम अभी भी मेरे पास है! मैं एक बार फिर दुनिया को हिलाऊंगा! जरूर हिलाऊंगा!

समाप्त.